जयपुर स्टाक एक्सचेंज के लिए विनियम

1631. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटू भाई पटेल :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने जयपुर स्टाक एक्सचेंज के लाइसेंस को नियमित कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है) और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद) : (क) और (ख) सरकार ने 9 जनवरी, 1990 से जयपुर स्टाक एक्सचेंज की मान्यता को 5 वर्ष की अवधि के लिए नवीकृत किया है।

(ग) उपर्युक्त (क) और (ख) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता है।

जम्मू-कश्मीर में सोना पकड़ा जाना

1632. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले दो वर्षों के दौरान जम्मू और कश्मीर में सोना पकड़ा गया है;

(ख) यदि हां, तो प्रतिवर्ष पकड़े गए सोने का मूल्य क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि बड़ी मात्रा में पकड़े गये सोने को कुछ अधिकारियों ने हथिया लिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. वी. चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) और (ख) गत दो वर्षों के दौरान जम्मू और कश्मीर में सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा पकड़े गए सोने की मात्रा और मूल्य का ब्यौरा नीचे दिया जाता है :–

वर्ष	मात्रा (किलोग्राम में)	मूल्य (लाख रुपयों में)
1991	28.676	103.69
1992	34.397	147.50

(ग) जी, नहीं।

(घ) उपर्युक्त (ग) के उत्तर को देखते हुए, यह प्रश्न नहीं उठता है।

स्टेट बैंक आफ इन्दौर द्वारा किराये पर लिया गया भवन

1633. **श्री राम नरेश यादव :** क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्टेट बैंक आफ इन्दौर के प्रबन्धकों ने नई दिल्ली में अपनी क्षेत्रीय कार्यालय के लिये कोई समझौता किए बगैर एक भवन उच्च दर पर किराये पर लिया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस भवन के लिये प्रतिमाह कितना किराया अदा किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सच है कि भवन की मरम्मत इत्यादि पर हर महीने हजारों रुपये इस शीर्ष के अन्तर्गत नामे खाते करके खर्च किये जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों के दौरान इस भवन पर कितनी धन राशि खर्च की गई है एवं इसका वर्षवार ब्यौरा क्या है ?